भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 392**

05.02.2024 को उत्तर के लिए

**वन क्षेत्र में वृद्धि**

**392. श्री सुनील कुमार सोनी :**
**श्री परबतभाई सवाभाई पटेल :**
**श्री राजेन्द्र धेड्या गावित :**
**श्री सुनील बाबूराव मेंढे :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विगत पांच वर्षों के दौरान देश के कुल वन क्षेत्र में वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी छत्तीसगढ़ राज्य सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा देश में वन भूमि में वृद्धि करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा वन क्षेत्र में वृद्धि करने के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और उनके अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य को कितनी धनराशि जारी की गई है?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री अश्विनी कुमार चौबे)**

(क) मंत्रालय के अधीन एक संगठन, भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई), देहरादून द्विवार्षिक रूप से वनावरण का मूल्यांकन करता है और इसके निष्कर्ष भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) में प्रकाशित किए जाते हैं। आईएसएफआर 2017 और आईएसएफआर 2021 के बीच देश के वन आवरण में 5516 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। आईएसएफआर 2017 और आईएसएफआर 2021 के बीच वन आवरण में हुए परिवर्तन का छत्तीसगढ़ राज्य सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) और (ग) मंत्रालय, केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम नामत: हरित भारत मिशन के माध्यम से वनीकरण कार्यकलापों को करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता करता है। मंत्रालय की इस प्रमुख वनीकरण स्कीम का उद्देश्य लोगों की भागीदारी के साथ अवक्रमित वन क्षेत्रों में वनीकरण कार्यकलापों को शुरू करना है। यह स्कीम मृदा नमी संरक्षण कार्यकलापों के माध्यम से वनीकरण और वृक्षारोपण, अवक्रमित वन भू-दृश्यों के पुनरूद्धार, पर्यावास में सुधार करने के माध्यम से पर्यावरणीय संरक्षण और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देती है। गत पांच वर्षों के दौरान हरित भारत मिशन के तहत छत्तीसगढ़ राज्य को जारी की गई धनराशि का ब्यौरा निम्नानुसार है :-

| वर्ष | जीआईएम के तहत जारी की गई धनराशि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|
| 2018-19 | 5.36 |
| 2019-20 | 5.04 |
| 2020-21 | 1.66 |
| 2021-22 | 6.12 |
| 2022-23 | शून्य |
| 2023-24 | शून्य |
| **कुल** | 18.18 |

प्रतिपूरक वनीकरण निधि अधिनियम, 2016 और उसके तहत बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार प्रतिपूरक वनीकरण निधि के तहत वनीकरण कार्यकलापों को भी बड़े स्तर पर शुरु किया जाता है। गत पांच वर्षों के दौरान राज्य काम्पा निधि के तहत कार्यकलापों को शुरू करने के संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए अनुमोदित वार्षिक संचालन योजना (एपीओ) निम्नानुसार है :-

| वर्ष | राज्य काम्पा के तहत एपीओ में अनुमोदित धनराशि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|
| 2018-19 | 897.52 |
| 2019-20 | 848.51 |
| 2020-21 | 1347.02 |
| 2021-22 | 1500.75 |
| 2022-23 | 688.47 |
| 2023-24 | 471.36 |

यह मंत्रालय, नगर वन योजना को भी कार्यान्वित कर रहा है जिसमें वर्ष 2020-21 से 2026-27 तक की अवधि के दौरान देश में 600 नगर वनों और 400 नगर वाटिकाओं के निर्माण की परिकल्पना की गई है। नगर वन योजना का उद्देश्य शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में हरित आवरण को बढ़ाना और जैविक विविधता का संवर्धन करना है।

संबंधित मंत्रालयों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों और स्कीमों के तहत जैसे कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम, राष्ट्रीय बांस मिशन, कृषि वानिकी उप-मिशन आदि और विभिन्न विभागों, गैर-सरकारी संगठनों, सिविल सोसाइटियों, निगमित निकायों आदि के माध्यम से और राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की स्कीमों के तहत वनीकरण कार्यकलाप भी किए जाते हैं। बहुविभागीय प्रयासों से, देश में वनावरण के संरक्षण और संवर्धन में अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं।

****

**अनुबंध-I**

**'वन क्षेत्र में वृद्धि' के संबंध में दिनांक 05.02.2024 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 392 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**आईएसएफआर 2017 से आईएसएफआर 2021 तक वन आवरण में हुए परिवर्तन का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा**

**(क्षेत्र वर्ग किलोमीटर में)**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | भौगोलिक क्षेत्र | वन आवरण | | आईएसएफआर 2017 और आईएसएफआर 2021 के बीच वन आवरण में हुए परिवर्तन (ख-क) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | आईएसएफआर 2017 (क) | आईएसएफआर 2021 (ख) | |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1,62,968 | 28,147 | 29,784 | 1,637 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 83,743 | 66,964 | 66,431 | -533 |
| 3 | असम | 78,438 | 28,105 | 28,312 | 207 |
| 4 | बिहार | 94,163 | 7,299 | 7,381 | 82 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 1,35,192 | 55,547 | 55,717 | 170 |
| 6 | दिल्ली | 1,483 | 192.41 | 195.00 | 2.59 |
| 7 | गोवा | 3,702 | 2,229 | 2,244 | 15 |
| 8 | गुजरात | 1,96,244 | 14,757 | 14,926 | 169 |
| 9 | हरियाणा | 44,212 | 1,588 | 1,603 | 15 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 55,673 | 15,100 | 15,443 | 343 |
| 11 | झारखंड | 79,716 | 23,553 | 23,721 | 168 |
| 12 | कर्नाटक | 1,91,791 | 37,550 | 38,730 | 1,180 |
| 13 | केरल | 38,852 | 20,321 | 21,253 | 932 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 3,08,252 | 77,414 | 77,493 | 79 |
| 15 | महाराष्ट्र | 3,07,713 | 50,682 | 50,798 | 116 |
| 16 | मणिपुर | 22,327 | 17,346 | 16,598 | -748 |
| 17 | मेघालय | 22,429 | 17,146 | 17,046 | -100 |
| 18 | मिजोरम | 21,081 | 18,186 | 17,820 | -366 |
| 19 | नगालैंड | 16,579 | 12,489 | 12,251 | -238 |
| 20 | ओडिशा | 1,55,707 | 51,345 | 52,156 | 811 |
| 21 | पंजाब | 50,362 | 1,837 | 1,847 | 10 |
| 22 | राजस्थान | 3,42,239 | 16,572 | 16,655 | 83 |
| 23 | सिक्किम | 7,096 | 3,344 | 3,341 | -3 |
| 24 | तमिलनाडु | 1,30,060 | 26,281 | 26,419 | 138 |
| 25 | तेलंगाना | 1,12,077 | 20,419 | 21,214 | 795 |
| 26 | त्रिपुरा | 10,486 | 7,726 | 7,722 | -4 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 2,40,928 | 14,679 | 14,818 | 139 |
| 28 | उत्तराखंड | 53,483 | 24,295 | 24,305 | 10 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 88,752 | 16,847 | 16,832 | -15 |
| 30 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 8,249 | 6,742 | 6,744 | 2 |
| 31 | चंडीगढ़ | 114 | 21.56 | 22.88 | 1.32 |
| 32 | दादर एवं नगर हवेली | 491 | 207 | 227.75 | 0.26 |
| 33 | दमन और दीव | 111 | 20.49 | | |
| 34 | जम्मू एवं कश्मीर | 2,22,236 | 23,241 | 21,387 | -1,854 |
| 35 | लद्दाख | | 0 | 2,272 | 2,272 |
| 36 | लक्षद्वीप | 30 | 27.10 | 27.10 | 0.00 |
| 37 | पुडुचेरी | 490 | 53.67 | 53.30 | -0.37 |
| | **कुल योग** | **32,87,469** | **7,08,273** | **7,13,789** | **5,516** |